स्पेशल टास्क फोर्स, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

प्रेस नोट संख्याः 101, दिनांक 05–04–2024

हाइवे से गुजरने वाले टैंकर चालको को प्रलोभन देकर टैंकर में लोड डीजल/ पेट्रोल निकालकर अन्तर्राज्यीय स्तर पर सप्लाई करने वाले गिरोह के 05 सदस्य लगभग 21,800 लीटर डीजल व लगभग 440 लीटर पेट्रोल के साथ कालपी जनपद जालौन से गिरफ्तार।

दिनांकः 04–04–2024 को एस0टी0एफ उ0प्र0 को हाइवे से गुजरने वाले टैंकर चालको को प्रलोभन देकर टैंकर में लोड डीजल/पेट्रोल निकालकर अन्तर्राज्यीय स्तर पर सप्लाई करने वाले गिरोह के 05 सदस्यों को लगभग 21,800 लीटर डीजल व 440 लीटर पेट्रोल के साथ टैंकर से डीजल निकालते समय कालपी जालौन से गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

<u>गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण–</u>

1– सैफ अली पुत्र रिफाकत अली निवासी भटटी पुरा, थाना कालपी, जालौन।
2– भूरा पुत्र गफफार निवासी राजघाट कालौनी ब्लाक 7, थाना कालपी, जालौन।
3– बरकत अली पुत्र सोहरत अली निवासी भटटी पुरा, थाना कालपी, जालौन।
4– मुस्ताक पुत्र कल्लू मामा निवासी मिर्जा मण्डी थाना कालपी, जालौन।
5– इरफान खान इकराम खान निवासी सदर बाजार थाना कालपी, जालौन।

<u>बरामदगी–</u>

1– कुल 21,800 लीटर डीजल (14 ड्रम लगभग 2800 लीटर एवं टैंकर में 19,000 लीटर)
2– कुल 440 लीटर पेट्रोल (02 ड्रम लगभग 400 लीटर लगभग पेट्रेल एवं 01 जरीकेन 40 लीटर)
3– एक अदद छोटा हाथी सुपर कैरी न0 यू0पी0 92 टी 9430
4– एक अदद टैंकर न0 यू0पी0 53 डीटी 7505।
5– नगद 8070/– रूपये।
6– 04 अदद मोबाइल फोन।

<u>गिरफ्तारी का स्थान दिनांक व समयः–</u> कानपुर झॉसी हाईवे पर चौहान ढ़ाबा के पास थाना क्षेत्र कालपी जनपद जालौन दिनांक 04–04–2024 समय करीब 22:00 बजे।

एस0टी0एफ0, उत्तर प्रदेश को विगत काफी समय से उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में डीजल व कैमिकल आदि को टैंकर चालको की मिली भगत से चोरी से निकाल कर बिक्री करने वाले गिरोह के सक्रिय होने की सूचनायें प्राप्त हो रही थी। इस सम्बन्ध में एस0टी0एफ0 की विभिन्न इकाईयों/टीमों को अभिसूचना संकलन एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके अनुपालन में श्री दिनेश कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ उ0प्र0 लखनऊ के पर्यवेक्षण में अभिसूचना संकलन किया जा रहा था।

दिनांक 04–04–2024 को अभिसूचना संकलन के दौरान उ0नि0 राहुल परमार को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि अवैध तरीके से डीजल के टैंकरो से चोरी करने वाले गिरोह के सदस्यो द्वारा कालपी

जनपद जालौन में हाईवे से गुजरने वाले टेंकरो के चालको को प्रलोभन देकर टेंकरो में लोड डीजल को चोरी से निकाल कर हाइवे के पास ही चिन्हित स्थान पर रखते है। इस सूचना पर एसटीएफ कानपुर टीम स्थानीय पुलिस को साथ लेकर चौहान ढ़ाबा के पास थाना क्षेत्र कालपी, जालौन से उपरोक्त 05 व्यक्तियों को टैंकर से तेल चोरी करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया तथा उनके कब्जे से उपरोक्त बरामदगी हुई।

गिरफ्तार अभियुक्त सैफ अली व बरकत अली ने पूछताछ में बताया कि उन लोग का एक गिरोह है जो कई वर्षो से हाइवे से गुजरने वाले टैंकरो के ड्राइवरों को प्रलोभन देकर डीजल/पेट्रोल चोरी करता है। वह चोरी किये हुए डीजल/पेट्रोल को अन्तर्राज्यीय स्तर पर कम दामों में बेचते है।

गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध थाना कोतावली कालपी जनपद जालौन में मु0अ0सं0 77/2024 धारा 41/411 भादवि पंजीकृत कराया गया है, अग्रिम विधिक कार्यवाही स्थानीय पुलिस द्वारा की जायेगी।